>

Title: Need to protect the livelihood of families facing demolition of their shops due to construction of six lane road and flyover on N.H.- 8 in Behrod, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, राÂष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 पर बहरोड कस्बे से गुजरने वाले मार्ग पर पुल निर्माण प्रस्तावित है तथा 6 लेन बनने का कार्य शुरू होने जा रहा है। हाईवे के दोनों ओर बहरोड़ क्षेत्र् में लगभग 800 दुकानों को तोड़ा जाना प्रस्तावित है। इससे हजारों परिवारों की आजीविका एवं रोजी-रोटी प्रभावित होगी। मेरी प्रार्थना है कि इन दुकानों को अधिगृहण/तोड़ने से बचाया जाये व यदि अवश्यंभावी हो तो उन्हें बाजार दर से मुआवजा दें तथा उन्हें आगे भूमि आबंटन कर पुनर्स्थापित किया जाये। प्रस्तावित बस स्टैंडों को मुख्य चौराहे से कम से कम एक किलोमीटर की दूरी पर बनाया जाये ताकि महत्वपूर्ण व्यावसायिक परिसर अधिगृहण से बच सके तथा मुख्य चौराहा भीड़भाड़ से बच सके। मैं उपरोक्त मांग सड़क परिवहन मंत्री जी से करता हूं।